प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों को पछाड़ा, जिला अस्पताल बना नं. वन, मिलेंगे 15 लाख

पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को मिला कायाकल्प सांत्वना पुरस्कार

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 17 जुलाई। कयाकल्प अवार्ड में मध्यप्रदेश के सभी जिला अस्पतालों को पीछे छोड़ते हुए शिवपुरी जिला अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर व्यवस्थाओं में बाजी मारते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है। जिसमें पुरस्कार राशि के रूप में 15 लाख रूपए जिला अस्पताल को दीए जाऐंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय ऋषिश्वर ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश सरकार समय-समय पर स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पखरने के लिए विशेषज्ञ निरीक्षण दल को भेजा जाता है। इस बर्ष लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश द्वार संयुक्त रूप से नामित किए विशेषज्ञ दल ने जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण किया जिसमें शिवपुरी जिला अस्पताल 94.4 अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। जिला अस्पताल शिवपुरी को शासन की ओर 15 लाख रूपए तथा प्रशस्ति पत्र भेंट किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिले के पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीएचसी स्तर पर कायाकल्प अवार्ड के लिए चुने गए हैं उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बदरवास, कोलारस, पोहरी, सतनवाडा तथा खनियाधांना शामिल है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषीश्वर ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को आत्मीय मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जिला अस्पताल शिवपुरी के सिविल सर्जन, प्रबंधक सहित सम्पूर्ण स्टाफ और सामु. स्वास्थ्य केन्द्र के खंड चिकित्सा अधिकारियों सहित स्टाफ को शुभकामनाएं दी है।

यात्रियों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

गुना। मप्र पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेशभर में मादक पदार्थों के सेवन और तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के तहत गुना जीआरपी थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन परिसर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया। कार्यक्रम के दौरान जीआरपी थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्टेशन परिसर में मौजूद ऑटो चालकों, यात्रियों और आम नागरिकों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। जीआरपी पुलिस द्वारा सभी को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए जीवन में कभी भी नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति सचेत करने की शपथ दिलवाई गई।

पिछोर में आबकारी विभाग की छापामार कार्रवाई

- 80 लीटर कच्ची शराब जब्त, पांच हजार किलो लाहन किया नष्ट
- 5 आपराधिक प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 17 जुलाई। आबकारी विभाग ने शुक्रवार को अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछोर क्षेत्र के कई ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। कार्रवाई के दौरान 80 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण और करीब 5 हजार किलोग्राम गुड़-लाहन बरामद किया गया। मौके पर ही लाहन का सैंपल लेकर शेष सामग्री नष्ट कर दी गई। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 5.16 लाख रुपये आंकी गई है।

कलेक्टर अर्पित वर्मा और संभागीय उड़नदस्ता ग्वालियर के उपायुक्त आबकारी संदीप शर्मा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के नेतृत्व में पिछोर प्रभारी राहुल गुप्ता की टीम ने कंजर डेरा, मंडी के पीछे, नया चौराहा पुलिया और बामौरकलां पुलिया क्षेत्र में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत 5 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई के बाद आबकारी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कपार गांव में गश्त कर ग्रामीणों, विशेषकर आदिवासी महिलाओं से संवाद किया। अधिकारियों ने गांव में अवैध शराब की बिक्री नहीं होने देने की अपील की। संयुक्त गश्त के दौरान गांव से कोई मादक पदार्थ बरामद नहीं हुआ। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण और कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे कारोबार में शामिल लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

एसआई से टीआई बने कुलदीप सगर, एसपी-एएसपी ने स्टार लगाकर दी नई जिम्मेदारी

शिवपुरी, 17 जुलाई। पुलिस विभाग में पदस्थ उपनिरीक्षक कुलदीप सगर को उपनिरीक्षक (एसआई) से निरीक्षक (टीआई) पद पर पदोन्नत किया गया। पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले ने उनके कंधों पर निरीक्षक के स्टार लगाकर पदोन्नति की औपचारिकता पूरी की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों ने कुलदीप सगर को पदोन्नति की शुभकामनाएं देते हुए नई जिम्मेदारी के सफल एवं निष्पक्ष निर्वहन की कामना की। समारोह के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उन्हें बधाई देकर उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

शिवपुरी को मिली अमृत स्टेशन की सौगात

- आधुनिक स्टेशन से पर्यटन, व्यापार और विकास को मिलेगी नई रफ्तार : जैन

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 17 जुलाई। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित शिवपुरी रेलवे स्टेशन का शुक्रवार को भव्य लोकार्पण हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्टेशन का वर्चुअल उद्घाटन किया, जबकि स्टेशन परिसर में आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

समारोह को संबोधित करते हुए शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय मंत्री एवं सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की विकासोन्मुखी कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश सौभाग्यशाली है कि उसे मोदी जैसा वैश्विक नेतृत्व मिला है, जिन्हें दुनिया के 50 से अधिक देशों ने सर्वोच्च सम्मानों से सम्मानित किया है। उनके नेतृत्व में भारत की पहचान और प्रतिष्ठा विश्व पटल पर लगातार मजबूत हुई है। विधायक जैन ने कहा कि भारतीय रेलवे आज सीमावर्ती और दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचकर विकास की नई इबारत लिख रही है। उन्होंने शिवपुरी के रेल इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस रेल सेवा की शुरुआत सिंधिया परिवार के प्रयासों से हुई थी, उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी को अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन की सौगात दिलाई है।

उन्होंने दावा किया कि देश की 543 लोकसभा सीटों के मुकाबले औसतन सात संसदीय क्षेत्रों पर एक अमृत स्टेशन स्वीकृत हुआ, जबकि सिंधिया ने अपने संसदीय क्षेत्र के लिए शिवपुरी और अशोकनगर दो अमृत स्टेशन स्वीकृत कराकर विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा, कलेक्टर अर्पित वर्मा, जिला पंचायत सीईओ विजय राज, रेलवे अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी और नागरिक मौजूद रहे।

सीएचओ के साथ बाइक पर जा रही एएनएम की चेन खींची

गुना। कैंट थाना क्षेत्र के बिलोनिया की पुलिया के पास गुरुवार शाम को बाइक सवार बदमाशों ने सरेराह लूट की एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने ड्यूटी से लौट रही एएनएम और सीएचओ को निशाना बनाते हुए करीब डेढ़ तोला वजनी सोने की चेन लूट ली। इस वारदात के दौरान बाइक से नीचे गिरने के कारण एएनएम को सिर में गंभीर चोट आई है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी सामने आई है कि म्याना के पास स्थित तिनस्याई में पदस्थ एएनएम ऊषा ओझा गुना से रोजाना अप-डाउन करती हैं। गुरुवार को भी वे तिनस्याई में अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद शाम लगभग साढ़े 5 बजे सीएचओ की बाइक पर पीछे बैठकर वापस लौट रही थीं। इसी दौरान जैसे ही उनकी बाइक बिलोनिया की पुलिया के पास पहुंची, पीछे से आए दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने तेजी से हाथ मारकर एएनएम ऊषा ओझा के गले से सोने की चेन झपट ली। बदमाशों द्वारा अचानक अंजाम दी गई वारदात के दौरान ऊषा ओझा अपना संतुलन खो बैठीं और चलती बाइक से नीचे सड़क पर गिर गईं। सिर के बल गिरने की वजह से उन्हें गंभीर चोटें आई हैं।

सड़क किनारे खड़ी महिला को पीछे से मारी टक्कर, मौके पर मौत

- बेटी को हॉस्टल छोड़कर घर लौट रही थी महिला

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 17 जुलाई। करैरा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। महिला अपनी बेटी को नरवर स्थित हॉस्टल छोड़कर घर लौट रही थी। सिलरा तिराहे पर सड़क किनारे खड़ी महिला को तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, बरसौड़ी गांव निवासी लीलाबती जाटव गुरुवार को अपनी बेटी सरोज जाटव को नरवर स्थित हॉस्टल छोड़ने गई थीं। बेटी को छोड़ने के बाद वह वापस गांव लौट रही थीं। शाम करीब 4:30 बजे सिलरा तिराहे पर गांव जाने के लिए सड़क किनारे खड़ी लीलाबती जाटव को करैरा की ओर से आ रही बोलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 07 जीए 9567 ने पीछे से टक्कर मार दी।

आरोप है कि चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहा था। हादसे में लीलाबती जाटव के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं। परिजन उन्हें तत्काल करैरा के शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर बोलेरो पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

दो सरकारी टीमों पर हमला, अवैध शराब माफिया और बिजली चोरों ने की मारपीट

गुना, 17 जुलाई। जिले में महज दो दिनों के भीतर कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते हुए दो अलग-अलग विभागों की टीमों पर हमले के सनसनीखेज मामले सामने आए हैं। पहली घटना हरिपुर में अवैध शराब पर कार्रवाई करने गई आबकारी विभाग की टीम के साथ हुई, जहाँ माफिया ने पथराव कर दिया। वहीं दूसरी घटना गोकुल सिंह चक बस्ती में भारी-भरकम बिजली बिल की वसूली और कनेक्शन काटने गई विद्युत विभाग की टीम पर जानलेवा हमले की है। दोनों ही मामलों में कैंट थाना पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने, मारपीट और बलवा सहित विभिन्न संगीन धाराओं में एफआईआरदर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कैंट थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब साढ़े चार बजे आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक राधाकृष्ण अटारिया के नेतृत्व में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम हरिपुर क्षेत्र में दबिश देने गई थी।

इस टीम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एलआर करोटिया, उपनिरीक्षक मोहनिश शर्मा, वर्धमान जैन सहित कई आरक्षक और महिला आरक्षक शामिल थीं। टीम जैसे ही हरिपुर गांव के आगे खेतों में अवैध रूप से रखी शराब को जब्त करने लगी, तभी गांव के उमेश भिलाला, लीमल भिलाला, सोनू और उनके साथियों ने टीम को घेर लिया।

आरोपियों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए टीम पर पत्थरों से हमला कर दिया। इस पथराव में विभागीय वाहन के चालक दिलीप सांडे गंभीर रूप से घायल हो गए और आरक्षक अरुण शर्मा के साथ भी झूमाझटकी की गई। जब आबकारी दल जान बचाकर भागने लगा, तो आरोपियों ने शासकीय वाहन में भी जमकर तोड़फोड़ की। दूसरा मामला बिजली कंपनी के अमले के साथ घटित हुआ। धरनावदा फीडर इंचार्ज अमर सिंह यादव ने पुलिस को बताया कि बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे सहायक यंत्री प्रशांत यादव, कर्मचारी अमर सिंह यादव और शुभम पंत के साथ गोकुल सिंह चक बस्ती में बकाया राजस्व वसूली के लिए गए थे।

कर्मचारियों की समस्याओं पर कलेक्टर सख्त, विभागाध्यक्षों को दिए कार्रवाई के निर्देश

- जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ ने उठाए वेतन, पदोन्नति, एरियर और सेवा पुस्तिका सहित कई अहम मुद्दे

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 17 जुलाई। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ बिजय राज, संयुक्त कलेक्टर युनिश मोहम्मद कुरैशी, डिप्टी कलेक्टर शिवदयाल धाकड़, सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी तथा मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने लंबे समय से लंबित विभागीय परामर्शदात्री समितियों की बैठकें शीघ्र आयोजित करने के निर्देश सभी विभागाध्यक्षों को दिए। इस निर्णय का मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने स्वागत करते हुए कलेक्टर का आभार व्यक्त किया।

संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पिपलौदा, जिला सचिव राजकुमार सरैया और जिला उपाध्यक्ष राजीव पुरोहित ने कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न लंबित मामलों को प्रमुखता से उठाया।

इनमें सेवा पुस्तिकाओं और जीपीएफ पासबुक का नियमित संधारण, शेष गुरूजी एवं नवीन शिक्षक संवर्ग की क्रमोन्नति, महंगाई भत्ता एवं अन्य एरियर का भुगतान, सहायक शिक्षकों को तृतीय एवं चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ, करैरा ब्लॉक में वर्ष 2023 में नियुक्त शिक्षकों के लंबित वेतन, पदोन्नति प्रक्रिया में दावे-आपत्तियों का समयबद्ध निराकरण, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का टीडीएस जमा करना, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा-ऊषा सुपरवाइजरों तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन भुगतान, कोटवारों को वर्दी एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराना तथा पीएचई और पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों की समस्याएं शामिल रहीं।

बालिका से नहीं मिलने दिया, धरने पर परिजन

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 17 जुलाई। नाबालिग बालिका के परिजनों ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय के बाहर सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि बालिका के बरामद होने के बावजूद उन्हें उससे मिलने नहीं दिया जा रहा और न ही उसे उनके सुपुर्द किया जा रहा है। परिजनों ने मामले में अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और एफआईआर में गंभीर धाराएं जोड़ने की मांग की।

- आरोपियों पर कार्रवाई और गंभीर धाराएं जोड़ने की मांग, सड़क पर बैठकर किया प्रदर्शन

परिजनों ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि नाबालिग के लापता होने पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। बाद में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर बालिका को बरामद कर लिया। उनका आरोप है कि पूछताछ के दौरान बालिका ने आरोपी सहित अन्य लोगों पर भी दुष्कर्म के आरोप लगाए थे, लेकिन अब तक अन्य आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। परिजनों का कहना है कि उन्हें बालिका से मिलने या बात करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। उनका आरोप है कि जब वे बालिका को लेने पहुंचे तो उन्हें वापस भेज दिया गया। इसी के विरोध में उन्होंने एसपी कार्यालय के बाहर सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। सीहोर थाना प्रभारी जूली तोमर ने बताया कि मामले में पहले से एफआईआर दर्ज है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ दुष्कर्म सहित संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है।

थाना प्रभारी के अनुसार, गुरुवार को बालिका की काउंसलिंग कराई गई थी। इसके बाद परिजनों ने उसे अपने साथ ले जाने से इनकार कर दिया। ऐसे में बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के निर्देश पर बालिका को वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। अगली काउंसलिंग के बाद समिति आगे का निर्णय लेगी। पुलिस का कहना है कि इस प्रक्रिया में उसकी कोई भूमिका नहीं है।

लपचोरा में दुकानें जलाई, महिला को डाकन बताकर मारपीट

गुना, 17 जुलाई। बमौरी थाना क्षेत्र के ग्राम लपचोरा में वन भूमि को लेकर चल रहे जमीनी विवाद ने रात के अंधेरे में हिंसक रूप ले लिया। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे के बाद अज्ञात तत्वों ने सरेराह गुंडागर्दी करते हुए दो किराना दुकानों के छपरे में आग लगा दी। घटना के समय पीड़ित दुकान के अंदर ही पर्दा लगाकर सो रहे थे, जिन्होंने बमुश्किल भागकर अपनी जान बचाई। बमौरी पुलिस द्वारा मामले में सुनवाई न किए जाने से आक्रोशित पीड़ित विशाल सहरिया सहित 50 से अधिक ग्रामीण और महिलाएं शिकायत दर्ज कराने शुक्रवार को एसपी ऑफिस पहुंचे। जानकारी सामने आई है कि लपचोरा गांव में एक ही समाज के दो पक्षों के बीच लंबे समय से वन भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। पीड़ित दुकान मालिकों का इस जमीनी रंजिश से सीधा कोई लेना-देना नहीं था। लेकिन दूसरे पक्ष को यह संदेह था कि दुकानदार उनके विरोधी पक्ष का साथ दे रहे हैं। इसी महज शक के आधार पर रात 12 बजे के बाद बदमाशों ने दोनों किराना दुकानों को आग के हवाले कर दिया, जिससे भारी नुकसान हुआ है। हालांकि, रात के अंधेरे के कारण पीड़ित आग लगाने वालों को पहचान नहीं सके, लेकिन उनका सीधा आरोप है कि इस करतूत के पीछे वही लोग हैं जिनका जमीन का विवाद चल रहा है। इस पूरे घटनाक्रम में संवेदनशीलता और क्रूरता की सारी हदें पार हो गईं।

रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

नवभारत न्यूज

गुना, 17 जुलाई। म्याना थाना क्षेत्र के खुटियाबद रेलवे ट्रैक पर 21 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद भदोरा-खुटियाबद रेलवे ट्रैक पर युवक का शव कई टुकड़ों में बिखरा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही म्याना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 21 वर्षीय अनिकेत रघुवंशी पुत्र भानू रघुवंशी के रूप में हुई है, जो कि जिला अशोकनगर के थाना शाडोरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम झीला का निवासी था।

बताया जा रहा है कि युवक अविवाहित था और म्याना क्षेत्र में ही किसी प्राइवेट संस्थान में नौकरी करता था। घटना गुरुवार शाम लगभग 7 बजे की बताई जा रही है। म्याना थाने के एएसआई असलम खान ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर युवक की बॉडी मिलने की सूचना के बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा था। घटना आत्महत्या है या फिर युवक किसी हादसे का शिकार हुआ है, पुलिस अभी इन दोनों ही बिंदुओं को ध्यान में रखें।

नरवर किले से 16वीं सदी की ऐतिहासिक तोप चोरी

जांच में बदला घटनाक्रम; एसपी और पुरातत्व विभाग ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

नरवर, 17 जुलाई। भगवान राम के पुत्र कुश की राजधानी और राजा नल-दमयंती की ऐतिहासिक स्थली माने जाने वाले नरवर किले से 16वीं शताब्दी की एक ऐतिहासिक तोप चोरी होने का मामला सामने आया है। पहले इस घटना को 25 से 30 हथियारबंद बदमाशों द्वारा अंजाम देने की बात कही गई थी, लेकिन पुलिस जांच के दौरान मामला अलग निकला। अब सामने आया है कि घटना के समय चौकीदार किले पर मौजूद ही नहीं था और अज्ञात चोर तोप चोरी कर ले गए।

जानकारी के अनुसार किले की ओपन कचहरी में सिंधिया राजवंश काल की 14 ऐतिहासिक तोपें रखी थीं। इनमें से एक तोप चोरी हो गई है जबकि 13 तोपें सुरक्षित हैं। शुरुआती बयान में सुरक्षा गार्ड बालकिशन ने 30 हथियारबंद बदमाशों के धमकाकर तोप ले जाने की बात कही थी, लेकिन पुलिस और पुरातत्व विभाग की टीम के मौके पर पहुंचने के बाद उसने बताया कि 5 जुलाई को अज्ञात लोगों ने तोप को नीचे गिरा दिया था जिसकी सूचना उसने विभाग को दे दी थी। इसके बाद 15 जुलाई की रात करीब 8 बजे वह अपने घर चला गया था और उसके बाद अज्ञात चोर नीचे पड़ी तोप को उठाकर ले गए।

राज्य पुरातत्व विभाग के उपसंचालक पी.सी. महोबिया ने बताया कि चौकीदार के किले पर मौजूद नहीं रहने के कारण चोरी की वारदात हुई। 5 जुलाई को तोप नीचे गिराए जाने की सूचना मिलने के बाद विभाग अपनी ओर से कार्रवाई कर रहा था, लेकिन इसी बीच घटना हो गई। मामले की शिकायत नरवर थाने में दर्ज करा दी गई है और आगे की कार्रवाई जारी है।

शुक्रवार को शिवपुरी पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया, करेरा एसडीओपी प्रशांत शर्मा, नरवर थाना प्रभारी विनय यादव एवं पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि 16 जुलाई को घटना की जानकारी मिलने के बाद नरवर थाना पुलिस तत्काल जांच में जुट गई थी। टीम ने मौके से एक रजाई, गद्दा, पाइप तथा तोप को ले जाने के निशान बरामद किए हैं। इन साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है।

चोरी हुई तोप अष्टधातु के विशेष मिश्रण से बनी बताई जाती है, जिस पर राजचिह्न के साथ फारसी और देवनागरी लिपि में शिलालेख अंकित हैं। पुरातत्व विभाग ने किले की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा शुरू कर दी है, जबकि पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

श्वान को लात मारने से मना करने पर युवक से मारपीट

गुना। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भुल्लनपुरा इलाके में बेजुबान श्वान को लात मारने से मना करने पर पड़ोसी ने एक युवक और उसके परिवार पर बोल दिया। दबंगों ने न सिर्फ युवक के साथ जमकर मारपीट की, बल्कि उसके घर में घुसने का प्रयास करते हुए दरवाजे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। स्थानीय सिटी कोतवाली थाने में मामले की एफआईआर दर्ज नहीं होने से परेशान पीड़ित महिला अपने परिवार और ग्रामीणों के साथ न्याय की एसपी से गुहार लगाई है। भुल्लनपुरा निवासी अंगूरी बाई जाटव ने बताया कि घटना 14 जुलाई की रात लगभग 10 बजे की है। उनके घर के पास एक पड़ोसी ने वहां मौजूद श्वान को बेरहमी से लात मार दी।